Hindustan
01.08.2021_Page No. Noida City(4)

गलगोटिया के छात्रों ने जीता प्रथम पुरस्कार

ग्रेटर नोएडा। वर्धमान इंजीनियरिंग कॉलिज हैदराबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग ने वर्चुअल राष्ट्रीय परियोजना एक्सपो 2021 का आयोजन किया। एक्सपो में देशभर के छात्रों ने शोध परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। विद्युत श्रेणी में गलगोटिया कॉलिज के छात्रों ने इवेपरेटिव कूलर का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजकों की ओर से गलगोटिया की टीम के विकास वर्मा, प्राची सेंगर, अदिति पांडेय और शिवम त्रिपाठी को पुरस्कृत किया गया।